AET1
Asian and Middle Eastern Studies Tripos, Part IB

---

Thursday 2 June 2022     9.00 am - 12.00 pm

---

**Paper MES21**

**Elementary Hindi Language**

*Answer **all** questions.*

**SPECIAL REQUIREMENTS TO BE SUPPLIED FOR THIS EXAMINATION**

*Student declaration form*

**SUBMISSION REQUIREMENTS**

*Answers may be written by hand in **black ink** or typed.*

*If written by hand, upload your answers as a scan or image file.*

*If typed, upload them in a document, such as a Word document or PDF.*

*Files should be saved as MES21_[your number].*

*Write your number **not** your name as well as the paper code (MES21) on each page of your submission.*

*Upload a completed student declaration form as a separate file.*

**RESOURCES PERMITTED FOR THIS EXAMINATION**

*There are no resources permitted for this examination.*

**Section A.**

1. **Read the following unseen text and answer the questions below in Hindi:**

पहले धरती और बादल पास पास रहते थे। इतने पास कि एक-दूसरे को छू लेते। तब धरती बहुत हल्की थी। इतनी हल्की कि हवा में उड़ जाती।

एक दिन धरती ने कहा - 'थक गई हूँ। कहीं दूर घूमने जाना चाहती हूँ।' बादल ने कहा 'तो जा न। किसने रोका है। लेकिन लौट आना। मैं तुझे याद करूँगा।'

धरती हँसकर कहने लगी - 'ये बात है। लेकिन मुझे कैसे पता चलेगा?' बादल सोचने लगा। फिर बोला - 'मैं बरसने लगूँगा। बारिश करूँगा। समझ लेना कि मैं याद कर रहा हूँ। लेकिन याद रखना। बस जल्दी लौट आना। नहीं तो मैं नाराज हो जाऊँगा।'

धरती शरमा गई। धरती सकुचाई। धरती ने नजरें झुका लीं। फिर पूछने लगी -'लेकिन मुझे कैसे पता चलेगा?' बादल फिर सोचने लगा। कहने लगा - 'मैं ओले गिराऊँगा। तूझे ओलों से ढक दूँगा। समझ लेना कि मैं नाराज हो रहा हूँ।'

धरती घूमने चली गई। धरती नीचे और नीचे की ओर टपक पड़ी। कई दिन बीत गए। बादल धरती को याद करने लगा। याद में बरसने लगा। इतना बरसा कि बस बरसता रहा।

धरती हरी-भरी हो गई। धरती पर पेड़ उग आए। पहाड़ बन गए। नदियाँ बन गईं। समुद्र बन गया। खेतियाँ लहलहाने लगीं। पशु-पक्षियों ने धरती पर जन्म लिया। धरती भारी हो गई। अपनी धुरी पर घूमने लगी। तभी से धरती घूम रही है। आज भी बादल धरती को याद करता है। खूब बरसता है। जब नाराज होता है तो ओले बरसाता है।

1. यह किस वाक्य से मालूम होता है कि धरती और बादल एक दूसरे के पास रहते थे?
2. क्यों धरती बादल से दूर जाना चाहती थी?
3. बादल ने धरती को क्या कहा कि वह उसे कैसे याद करेगा?
4. धरती की याद आने पर बादल ने क्या किया?
5. आज भी बादल धरती को कैसे याद करता है?

**(20 Marks)**

**2. Write out the complete sentences with the correct forms of the verbs given in brackets**

रामू हमारी गली का एक कुत्ता था। बहुत दिनों तक तो मैं उसे ...........1 (पहचानना) भी नहीं था। जब उससे पहचान और फिर दोस्ती ........2 (होना) तो उसे रामू कह कर बुलाने लगा। उससे जिस दिन पहचान हुई उस दिन बहुत ठंड पड़ .........3 (रहना) थी। जितने भी कपड़े मेरे पास थे मैंने सब पहन लिए थे। एक पायजामे के ऊपर दूसरा पायजामा उस पर तीसरा पायजामा। फिर भी ठण्ड से पैर काँप .........4 (रहना) थे। बहुत हिम्मत कर रजाई से बाहर ...........5 (निकलना) था। गली के साथ ही मेरा दफ्तर था। एक बँगले के पीछे की तरफ। दफ्तर क्या था, एक छोटा-सा कमरा था और उसके बग़ल में दो छोटी-सी कोठरियाँ थीं। सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक मुझे काम करना ...........6 (पड़ना) था।

उस दिन नौ बजे जब मैं दफ्तर ..........7 (पहुँचना) तो ..........8 (देखना) कि बगल की कोठरी में एक कुत्ता दुबका ...........9 (पड़ना) है। उसके पेट पर चार-पाँच इंच की गहरी चोट है जिसमें से कुछ लाल-लाल-सा दिखाई पड़ ..........10 (रहना) है, देखकर लगा कि कुत्ता थोड़ी देर में मर जाएगा।

**(20 Marks)**

**(Turn over)**

**Section B.**

**3. Translate the following unseen passage into English:**

गोलू के बारे में बचपन से लेकर आज तक किसी ने कोई ऐसी कहानी नहीं सुनी थी जिसमें उसकी कोई शैतानी की बात हो। अब तो खैर वह क्लास "नाइन ए" यानी नौवीं कक्षा में हमेशा प्रथम आने वाला लड़का था। उसका ध्यान पढ़ाई में इतना ज़्यादा रहता कि उसके मम्मी-पापा सोचते कि वह अपने कमरे और किताबों की दुनिया से निकलकर बाहर भी देखे। ऐसा भी नहीं था कि उसे बाहरी दुनिया की कोई जानकारी न हो, पर उसका यह ज्ञान सिर्फ टी.वी. पर आधारित था। गोलू किताबों की दुनिया से निकलता तो टी.वी. की दुनिया में खोने के लिए।

मजे की बात यह थी कि गोलू के घर में कई शैतान बच्चे थे। उसके अपने बड़े भाई मोलू और बड़ी बहन मौली के अलावा उसके ताऊ का एक लड़का और चाचा की दो लड़कियाँ थीं। यानी कुल मिलाकर वे छह बच्चे थे - तीन लड़के और तीन लड़कियाँ। वे सब दादा-दादी के साथ दक्षिण कलकत्ता में नौ मंज़िल की एक बड़ी इमारत में रहते थे। सबकी सरदार गोलू की अपनी बहन मौली थी, जिसके पास हमेशा खेलने और शैतानी करने की नई तरकीबें हमेशा रहती थीं।

**(15 Marks)**

**4. Translate the following passage into Hindi:**

The three children at the breakfast table looked at one another in great disappointment. They did so love the house in Goa. The beach was lovely, too, and the bathing was fine." Cheer up," said father. "I dare say we'll find somewhere else just as good for you. And anyway, Mother and I won't be able to go with you this year. Has Mother told you?"" No!" said Anne. "Oh, Mother-is it true? Can't you really come with us on our holidays? You always do."" Well, this time Daddy wants me to go to Delhi with him," said Mother. "All by ourselves! And as you are really getting big enough to look after yourselves now, we thought it would be rather fun for you to have a holiday on your own too. But now that you can't go to Goa, I don't quite know where to send you." What about Krishna's house in Mangalore?" suddenly said, father. Krishna was his brother, the children's uncle. They had only seen him once and had been rather frightened of him. He was a very tall, frowning man, a clever scientist who spent all his time studying. He lived by the sea- but that was about all that the children knew of him!

**(15 Marks)**

**END OF PAPER**